रविवासरीय
हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
रविवार, 29 अक्तूबर 2017, बरेली, पांच प्रदेश, 20 संस्करण, नगर
www.livehindustan.com
वर्ष 8, अंक 44

PAGE NO. 7: RIGHT TOP

हाईस्पीड इंटरनेट तकनीकी में शोध कर सकेंगे छात्र

लखनऊ। डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के छात्रों के लिए अच्छी खबर है। उन्होंने अब एक बड़ी निजी कम्पनी के साथ मिलकर फाइबर ऑप्टिकल रिसर्च पर काम करने का मौका मिलेगा। वह इंडस्ट्री से मिलने वाले प्रोजेक्ट्स पर काम कर सकेंगे। इसके लिए विश्वविद्यालय और कम्पनी के बीच एक अनुबंध होने जा रहा है। अगले दो माह में इस लैब की शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है।

सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज के निदेशक प्रो. मनीष गौड़ ने बताया कि इस लैब में हाईस्पीड इंटरनेट तकनीकी पर शोध और काम होगा। इंडस्ट्री के प्रोजेक्ट्स लिए जाएंगे। जहां, छात्रों के ग्रुप शोध और नई तकनीकी विकसित करने पर काम करेंगे। प्रो. गौड़ ने बताया कि अलग-अलग प्रोजेक्ट्स के लिए छात्रों का चयन उनकी योग्यता के आधार पर किया जाएगा।